**टी बोर्ड भारत**

(भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के अधीन)

14, बी.टी.एम सरणी (ब्रेबोर्न रोड), कोलकाता- 700 001

वेबसाइट: https://teaboard.gov.in ई-मेल: secretary.tbi-wb@gov.in फोन नं 033 2235 1331

दिनांक: **1 जुलाई 2026**

## कार्यालय ज्ञापन सं 76/2026

पूर्व में जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 70/2024 दिनांक 24/06/2024 के संदर्भ में, टी बोर्ड के सभी अधिकारियों और संविदात्मक कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे भारत सरकार की ईमेल नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु सभी आधिकारिक ईमेल संचार के लिए अपनी **NIC.IN/GOV.IN** ईमेल आईडी का ही उपयोग करें। NIC.IN/GOV.IN ईमेल आईडी अन्य पोर्टलों और सेवाओं, जैसे eOffice, eHRMS, GeM पोर्टल, iGOT कर्मयोगी पोर्टल आदि के पंजीकरण और उपयोग के लिए भी अनिवार्य हैं। यह देखा गया है कि लंबे समय तक उपयोग न किए जाने के कारण पहले बनाई गई कई ईमेल आईडी निष्क्रिय हो गईं और मेलबॉक्स तक पहुंचना असंभव हो गया। निष्क्रिय ईमेल खातों को नए ईमेल प्लेटफॉर्म, mail.gov.in पर माइग्रेट नहीं किया गया था। NIC से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिन खातों का माइग्रेशन नहीं हुआ है, संबंधित उपयोगकर्ता कृपया ध्यान दें कि NIC ईमेल सेवाओं द्वारा पुराने ईमेल डेटा को नए ईमेल प्लेटफ़ॉर्म, mail.gov.in पर माइग्रेट करने की प्रक्रिया बंद कर दी गई है। अतः, पुरानी ईमेल आईडी से संबंधित मेलबॉक्स अब पुनः प्राप्त नहीं किए जा सकते। सभी अधिकारियों से अनुरोध है कि ऐसी घटनाओं से बचने के लिए आधिकारिक ईमेल आईडी के उचित उपयोग के प्रति सतर्क रहें।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

डॉ. अमृता चक्रवर्ती
(सचिव)

**वितरण**:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | टी बोर्ड के प्रधान कार्यालय, क्षेत्रीय और आंचलिक कार्यालयों के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष/प्रभारी | कार्मिकों के बीच वितरण और कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु। |
| 2. | कार्यपालक निदेशक, गुवाहाटी | |
| 3. | कार्यपालक निदेशक, कूनूर | |
| 4. | उपाध्यक्ष का निजी विभाग | सूचना हेतु |
| 5. | सचिव का निजी विभाग | सूचना हेतु |
| 6. | आईटी कक्ष, मुख्यालय | बोर्ड के वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित |
| 7. | सचिवालय शाखा, मुख्यालय | ईमेल द्वारा वितरण के लिए |

**Ref. e-File No. IT-POLY0eMAL/1/2024-IT Cell**